**आकाशवाणी मध्यप्रदेश से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार**

दिनांक : 01.10.25 समय : 07.10 pm

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह को किया संबोधित।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में तीन प्रतिशत बढोतरी को दी मंजूरी ।
- विजयादशमी की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति ने दीं शुभकामनाएं ; नवरात्रि के अंतिम दिन मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।
- मुख्यमंत्री ने भोपाल के वन विहार में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का किया शुभारंभ , वन विहार को नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया ।

अब समाचार विस्तार से:–

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि संघ शुरू से ही देशभक्ति और सेवा का प्रतीक रहा है।

उन्होंने याद दिलाया कि विभाजन के समय संघ के स्वयंसेवकों ने शरणार्थियों की मदद की। प्रधानमंत्री ने कहा कि संघ ने दूर-दराज के आदिवासी इलाकों में जाकर उनकी संस्कृति और परंपराओं को महत्व दिया और सामाजिक एकता पर काम किया। उन्होंने लोगों से "वोकल फॉर लोकल" अभियान को अपनाने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी किया।

**केंद्रीय मंत्रिमंडल**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आज मंत्रिमंडल की बैठक संपन्न हुई। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए महंगाई भत्ते और राहत में तीन प्रतिशत बढ़ोतरी को मंजूरी देने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। जिसकी जानकारी सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्वनी वैष्णव ने मीडिया से चर्चा के दौरान दी

**सेवा पर्व**

सेवा और सुशासन के मंत्र के अनुरूप प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार, परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। आज, इस विशेष श्रृंखला - सेवा पर्व में, हम चर्चा कर रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने वैश्विक साझेदारियों को मज़बूत किया है और भारत को विश्व पटल पर एक मज़बूत पक्ष के रूप में प्रस्तुत किया है---

**विजयादशमी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विजयादशमी की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं और कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म, असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए इसे हर्ष और उल्लास का पर्व बताया और जीवन में धैर्य, संयम व सदाचार अपनाने की सीख दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी और शांति, सौहार्द्र तथा प्रदेश की समृद्धि की कामना की। वहीँ आज नवरात्र के अंतिम दिन प्रदेशभर के देवी मंदिरों में भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की .

**वन विहार- मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज भोपाल के वन विहार में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होंने वन विहार को नो व्हीकल ज़ोन घोषित कर पर्यटकों के लिए 40 ई-वाहन शुरू किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश टाइगर और लेपर्ड स्टेट में नंबर-1 है और यहाँ चीतों का परिवार भी सुरक्षित है। प्रदेश में पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए उज्जैन और जबलपुर में नए ज़ू बनाए जाएंगे।

**जीएसटी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। अब लोग जीएसटी सुधारों का लाभ ले सकते हैं जो 22 सितम्बर से लागू हो गए हैं। आज हम बात करेंगे हस्तशिल्प वस्तुओं पर जीएसटी कटौती के बारे में---

## अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- गांधी जयंती के मौके पर कल भोपाल जिले की कुल 222 ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाएं होंगी। वहीं, गांवों में भी सभाएं होंगी इनमें पीएम आवास, भावांतर समेत कई योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी। वहीं, दशहरा मिलन समारोह भी मनाया जाएगा।
- **प्रदेश भर में** भावांतर भुगतान योजना के तहत किसानों के पंजीयन का कार्य 3 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 17 अक्टूबर तक पंजीयन कार्य किया जाएगा।

.

........................